हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री


11 जांगड़ा सड़क का निर्माण कार्य बंद ग्रामीणों ने...



12 वित मंत्री ओपी चौधरी को भागवत कथा का आमंत्रण






आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


# बैंक में जमा है पेंशन, बुजुर्ग का परिवार भीख मांगने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

अलग खबर

आदिवासी विकासखंड मुख्यालय मैनपुर राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोकड़ी के आश्रित ग्राम बरगांव में निवासरत 100 प्रतिशत दृष्टि बाधित दिव्यांग जयराम मंडावी पिता कोलू राम मंडावी जाति गोड़ उम्र लगभग 55 वर्ष अपने पत्नी सहित चार बच्चों का बड़ी मुश्किल से भूमिहीन होने के बावजूद भी भीख मांग कर पालन पोषण करने को मजबूर है। वास्तविकता में असली हकदार को शासकीय योजनाओं का लाभ उनके दशा और दिशा बदलने में कितना कारगर होता है, इनसे समझा जा सकता है अगर योजनाओं का लाभ सिस्टम के लाचारी के कारण मिलना बंद हो जाए तो वही लोग जानते हैं जो असली हकदार हैं। जीवन यापन के लिए इसके पत्नि के नाम से राशन कार्ड जिसमें 35 किलो चावल चना, नमक शक्कर का लाभ मिल रहा है। बाकी गुजर बसर के लिए साप्ताहिक बाजारों में भीख मांग कर अपने परिवार के पालन पोषण करने के लिए मजबूर है। दृष्टि बाधित दिव्यांग जयराम को पहले पंचायत के माध्यम से पेंशन दिया जा रहा था जब से बैंकिंग व्यवस्था लागू हुआ है तब दृष्टिबाधित जयराम मंडावी को पेंशन मिलना बंद हो गया और उनके तथा परिवार के सामने भारी परेशानी उत्पन्न हो गई है एक-एक पैसे के लिए उन्हे भीख मांगकर अपने और परिवार का भरण पोषण करना पड़ रहा है। इस संबंध में ▸▸ शेष पेज 10पर

## केवाईसी और आधार के कारण राशि नहीं मिल रही



### आधार लिंक और केवाईसी नहीं

ऐसा भी नहीं है कि इनका पेंशन बैंक में जमा नहीं हो रहा है, जमा तो हो रहा है। लेकिन आधार लिंक और केवाईसी नहीं होने के कारण पेंशन नहीं मिल पा रहा है। बातचीत के दौरान दृष्टि बाधित जयराम मंडावी ने कहा कि मैं मेरे पूरे परिवार का भरण पोषण करने के लिए दोनों आंख नहीं दिखने के बावजूद भी भीख मांग कर छोटे-छोटे बच्चों का पालन पोषण करने के लिए मजबूर हूं। मेरे पत्नी के नाम से प्रधानमंत्री आवास भी मिला है। मुझे पेंशन पहले पंचायत वाले हाथों हाथ दिया जा रहा था जब से बैंकिंग व्यवस्था हुआ तो नियमानुसार सिस्टम के तहत मेरा आधार कार्ड नहीं बन पाया। मेरे द्वारा कई बार प्रयास भी किया गया लेकिन प्रयास निरर्थक ही रहा। बताओ मैं क्या करूं मुझे पेंशन मिलना चाहिए।



## खबर संक्षेप

### भेण्डरी में श्रीरामचरित मानसगान 20 मार्च से



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में जय मां महामाया एवं मानस प्रचार समिति व ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानस चिंतन एवं मानसगान का आयोजन 20 मार्च से शुरू होगा। कुशल साहू ने बताया कि कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां हिस्सा लेंगी। पूरा गांव तीन दिनों तक प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबा रहेगा।

### 'घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता सामान्य'

**महासमुंद।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस की सुचारू उपलब्धता एवं आपूर्ति बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने संबंधित अफसरों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू एलपीजी की उपलब्धता अभी सामान्य है। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में संचालित सभी गैस एजेंसियों एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की नियमित बैठक लेकर घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता तथा दैनिक आवश्यकता की समीक्षा की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, चार घायल

**महासमुंद।** ग्राम बोईरगांव चट्टानपारा मोड़ में एक ट्रैक्टर के पलटने से उसमें एक युवती की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। मामले की विवेचना कोमाखान पुलिस कर रही है।

पुलिस ने बताया कि 11मार्च को भोथा निवासी अनिता ठाकुर, दुष्यंत ठाकुर एवं गांव के तेजराम ठाकुर, पुनेश्वरी ठाकुर ग्राम टेंगराही के ट्रैक्टर क्रमांक ओडी 26 बी 8438 के बैठकर ग्राम भोथा से ग्राम जुनवानी (ब) मकान ढलाई काम में जा रहे थे। ट्रैक्टर को मनीष ठाकुर चला रहा था। करीबन 10.30 बजे ग्राम बोईरगांव चट्टान पारा मोड़ में ट्रैक्टर चालक मनीष ठाकुर द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर में दबने से अनिता ठाकुर की मौत हो गई, वहीं दुष्यंत ठाकुर एवं गांव के तेज कुमार ठाकुर, पुनेश्वरी ठाकुर, मनीष ठाकुर को चोटें आई। मृतका के पिता उदेराम ठाकुर की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125 (ए),106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सियासत : कांग्रेस नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

# अफीम की खेती पर कांग्रेसियों ने घेरा भाजपा कार्यालय, पुलिस के साथ हुई झूमा-झटकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

प्रदेश में अफीम की खेती के मामले को लेकर गुरुवार को गरियाबंद जिले में भी सियासत गरमा गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिले में भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के समोदा तथा बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला उजागर होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की अगवानी में इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर भाजपा कार्यालय तक पहुंचने की कोशिश की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश को सूखे नशे की ओर धकेला जा रहा है, जो युवाओं के भविष्य के लिए खतरनाक है।





### पुलिस ने की बैरिकेडिंग, बढ़ी सुरक्षा

भाजपा कार्यालय के बाहर पहले से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। कार्यालय के आसपास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बढ़े, पुलिस ने उन्हें नेशनल हाईवे सड़क पर रोक लिया। इस दौरान कुछ देर तक धक्का-मुक्की और नारेबाजी की स्थिति भी बनी रही। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के कारण स्थिति नियंत्रण में रही और कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार नहीं कर पाए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने अफीम की खेती के पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को नशे के कारोबार की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में लगभग 10 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती का मामला सामने आया है, जिसमें भाजपा से जुड़े एक पदाधिकारी का नाम भी शामिल है। सुखचंद बेसरा ने सवाल उठाया कि जब खेतों की गिरदावरी और धान खरीदी के समय प्रशासनिक जांच होती है, तो इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती प्रशासन की नजर से कैसे बच गई। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पूछा कि क्या इस अवैध खेती को किसी राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था।भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेडिंग को तोड़ने पुरजोर कोशिश की। इस दौरान पुलिस टीम के साथ झूमा-झपटी भी हुई और जमकर नारेबाजी की गई।

### ये रहे शामिल

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, स्मृति ठाकुर,संजय नेताम, सन्नी मेमन, नीरज ठाकुर, रमेश शर्मा बालमुकुंद मिश्रा, चंद्रभूषण चौहान, हबीब मेमन, प्रहलाद यदु, योगेश्वरी साहू, कमल यदु, ओंकार सिंह ठाकुर, पन्ना लाल ध्रुव, छगन यादव, राजेश साहू, मूलसिंह ठाकूर, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदू ध्रुव, मोतीराम साहू, योगेश्वरी साहू, रिकेश साहू, शिवम सिन्हा, वेदुराम साहू, योगेश बघेल, मेघनाथ बघेल, जितेन्द्र राजपूत, जुनैद खान, यशपेन्द्र शाह, समद खान, माहेश्वरी शाह, ललिता यादव, रामकृष्ण ध्रुव, अमित मिरी, प्रेम सोनवानी, भूपेंद्र मांझी, जुनैद खान, रमेश वर्मा सहित बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस का दुरुपयोग चार रेस्टोरेंट से 19 सिलेंडर जब्त




**मैनपुर।** गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिले के सभी गैस वितरकों को आयल कंपनियों के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में गुरुवार को खाद्य विभाग के अधिकारियों ने घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग से संबंधित चार प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 19 नग घरेलू सिलेण्डर जब्त किए है। इनमें 11 नग भरे गैस सिलेण्डर एवं 8 नग खाली गैस सिलेण्डर शामिल है। जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि जिले के ऑथेंटिक फूड एशियन रेस्टोरेंट से 2 नग भरे गैस सिलेण्डर एवं 4 नग खाली गैस सिलेण्ड जब्त किए गए है। इसी तरह शिव फैमिली रेस्टोरेंट से 3 भरे गैस सिलेण्डर एवं ▸▸ शेष पेज 10 पर

# नहरों में आया निस्तारी पानी, तालाब लबालब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

सिंचाई विभाग के द्वारा नहरों से निस्तारी पानी देने पर नगर के तालाबों को नगर पंचायत के द्वारा खेतों के माध्यम से नाली बनाकर भरा जा रहा है जिसके चलते नगर के जल स्त्रोतो तालाबों के साथ -साथ कुंओं मे भी पानी आ रहा है। इसी प्रकार हेंडपंपों के जलस्त्रोतों में वृद्धि हो रही है। ज्ञात हो कि शासन के निर्देशानुसार हर साल सिकासेर बांध से अंचल मे नहरों के माध्यम से निस्तारी पानी अप्रैल माह में दिया जाता है लेकिन इस वर्ष मार्च माह में ही पहले से निस्तारी पानी देकर जलस्त्रोतों की कमी को शीघ्र ही पूरा किया जा रहा है। अंचल के विधायक रोहित साहू के द्वारा आम जनता के हितों का ध्यान रखकर भीषण गर्मी में पानी की कमी न हो इसलिए



मार्च महिने से ही जलापूर्ति की जा रही है। नहरों से पानी आने पर लावारिश घूमने वाले पशुओं को भी राहत पहुंची है वे नहरो में पहुंचकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वहीं पर किसान मजदूर नागरिक एवं बच्चे नहर के पानी मे तैराकी कर स्नान कर रहे हैं। लोगों ने कहा है कि यदि भीषण गर्मी बढ़ी तो पानी की अधिक आवश्यकता होगी। जो पानी दिया जा ▸▸ शेष पेज 10 पर

## एनएच मैनपुर-देवभोग मार्ग पर पलटा धान से भरा ट्रक, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मुख्यमार्ग में जुगाड़ और तौरेंगा के बीच धान से भरी ट्रक पलट गई। जिससे चालक और परिचालक को मामूली चोट आई है जिसे इलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है। इस मार्ग में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं आम बात हो गई है।

# चार माह से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे निराश्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

क्षेत्र सहित जिला के निराश्रितों, विधवा और बुजुर्ग पेंशनभोगियों को पिछले 4 माह से पेंशन नहीं मिल पाईं है, जिससे वे आर्थिक संकट में है। वृद्धजन, विधवा, दिव्यांग, सुखद सहारा योजना और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े क्षेत्र के हजारों हितग्राही इस समस्या से सीधे तौर पर प्रभावित हो रहें हैं। पेंशन की यह राशि इन जरूरतमंद वर्गों के लिए जीवनयापन का मुख्य सहारा होता है, ऐसे में लंबे समय से भुगतान न होने से उन्हें गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशनधारियों कार्तिक जगत, बलदेव दीवान, झुनी बाई, बिसाहू दीवान,मानबाई ध्रुव, गिरधर नागेश, शिवप्रसाद जगत आदि लोगों ने कहा कि



राष्ट्रीय पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सुखद सहारा योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हजारों हितग्राही पेंशन से वंचित हैं। ये सभी पिछले चार महीनों से अपनी पेंशन का इंतजार कर रहे हैं। इन लोगों ने आरोप लगाया कि समस्या का मुख्य कारण केंद्र सरकार द्वारा राज्य को अपना अंश समय पर जारी नहीं किया जाना है, जिससे राज्य सरकार को योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई आ रही है। पेंशनधारियों कहा कि पेंशन न मिलने से बुजुर्गो, विधवाओं और दिव्यांग जनों की दैनिक जरूरतें, दवाइयों का खर्च और भोजन तक प्रभावित हो रहा है। इससे पेंशनरों में ▸▸ शेष पेज 10 पर

## जिले के 22 हजार से अधिक छात्र होंगे शामिल

# 16 से शुरू होंगी 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

5 वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा में सरकारी के साथ ही अनुदान प्राप्त और निजी स्कूल के बच्चे सम्मिलित होंगे। परीक्षा का संचालन जिला स्तरीय समिति की निगरानी में होगा।कलेक्टर गरियाबंद भगवान सिंह उईके, जिला शिक्षाधिकारी गरियाबंद जगजीत सिंह धीर की निगरानी में होगा परीक्षा का आयोजन। लोक शिक्षण संचालनालय ने 5वीं - एवं 8वीं केन्द्रीकृत परीक्षा की समय सारणी के साथ ही सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। कक्षा पांचवीं की परीक्षा 16 से 25 मार्च तक सुबह 9 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक तथा आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से 6 अप्रैल तक सुबह9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिलों को जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी का रोल नंबर विद्यालयवार जारी कर दिया गया है। परीक्षा में समस्त सरकारी और अनुदान प्राप्त के साथ ही छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूल (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम) के विद्यार्थी अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। कोई भी विद्यार्थी को परीक्षा से वंचित नहीं किया जाएगा।



### समय सारणी

| | |
|---|---|
| **कक्षा पांचवीं** | 20 मार्च- हिन्दी |
| 16 मार्च- गणित | 24 मार्च- अंग्रेजी |
| 19 मार्च- अंग्रेजी | 30 मार्च- सामाजिक विज्ञान, |
| 23 मार्च- हिन्दी | 2 अप्रैल- विज्ञान, |
| 25 मार्च- पर्यावरण | 6 अप्रैल- संस्कृत/उर्दू है। |
| **कक्षा आठवीं** | |
| 17 मार्च- गणित | |

वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा में बैठने की पात्रता होगी। यदि कोई विद्यार्थी पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है तो भी उसे अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।गरियाबंद जिले में 996 प्राथमिक एवं 497 माध्यमिक शालायें है।जिसमें कक्षा पांचवी में 11440 विद्यार्थी एवं कक्षा आठवीं में 11483 विद्यार्थी परीक्षा दिलाएंगे।

**मूल्यांकन कार्य होंगे ब्लाक मुख्यालय में-** परीक्षा के समाप्ति उपरांत मूल्यांकन का कार्य प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा किया जायेगा।गरियाबंद जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया जाएगा।जिसकी सतत निगरानी जिला समिति द्वारा किया जायेगा।कक्षा पांचवी,आठवी की परीक्षा की सम्पूर्ण जवाबदारी संकुल प्राचार्य की होगी।

# कलेक्टर ने मरीजों का जाना हाल-चाल स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद कलेक्टर श्री बी. एस. उईके एवं जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर मरीजों से चर्चा की ग्राम झरियाबाहरा की श्रीमती तिलेश्वरी नागेश से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने उनके स्वास्थ्य के बारे में पुछा, इस दौरान श्रीमती नागेश ने कहा कि वे प्रसव के लिए भर्ती हुई थी और कल उन्होंने स्वस्थ बच्ची को जन्म दी है। उन्होंने बताया कि यह मेरी पहली बच्ची है। अस्पताल में चिकित्सों एवं स्टॉफ के देखरेख से दोनों स्वस्थ है। उन्हें जरूरी



कलेक्टर उईके ने किया अस्पताल का औचक निरीक्षण

दवाईया एवं भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम गोपालपुर की सरस्वती नेताम ने बताया कि उन्हें बार–बार दस्त लगने के कारण भर्ती हुई है। अस्पताल में उन्हें चिकित्सों द्वारा ड्रिप एवं इंजेक्शन लगाया जा रहा है। अब वे पहले से ठीक है। कलेक्टर एवं सीईओ ने हॉस्पिटल में उपलब्ध स्वास्थ्य संसाधनों, चिकित्सकों, मेडिकल स्टाफ, मेडिकल ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

**महासमुंद।** भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में ग्राम खरोरा के गुडी चौक में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। जहां मां दुर्गा की महाआरती एवं गुरुवर के जयकारे लगाकर महाआरती हुई। भगवती मानव कल्याण संगठन के टीम प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि गुरुवर समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशा मुक्त मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सद्मार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं ताकि समाज में सुख शांति प्राप्त हो सकें।



### मंदिर निर्माण के लिए मिली सहयोग राशि

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की कुलदेवी मां शीतला के नवनिर्माण मंदिर के लिए नगर के वरिष्ठ जन स्व नीलकंठ निर्मलकर की स्मृति में उनके पुत्र भारत निर्मलकर शाखा प्रबंधक जिला सहकारी समिति तुमगांव वार्ड नंबर 10 द्वारा मां शीतला के भव्य मंदिर निर्माण हेतु एक कालम निर्माण के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने की मांग

**महासमुंद।** जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर ने जिले में भी प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि मोहला में 18 मार्च को आयोजित होने जा रहे प्लेसमेंट कैंप से वहां के युवाओं को निजी कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसी प्रकार की व्यवस्था महासमुंद जिले में भी की जानी चाहिए। जनपद सदस्य निधि लोकेश ने जिला प्रशासन और रोजगार कार्यालय से आग्रह किया है ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें।



## निधन

### साधना बंजारे

**महासमुंद।** घोड़ारी निवासी साधना बंजारे (60 वर्ष) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी तट घोड़ारी में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजनों एवं मित्रगणों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे भुवन बंजारे की धर्मपत्नी तथा शिक्षक अजय बंजारे व संजय बंजारे की माता थीं।



### कांति गोस्वामी

**महासमुंद।** ग्राम खम्हारमुड़ा निवासी कांति गोस्वामी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि तथा सतीश गिरि की माता थी। उनके निधन पर समाज के प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरि, जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, ईश्वर पुरी, डा. देवेश गिरि, नरेश बन, दुर्वासा गिरि, देवेंद्र गिरि, शंकर पुरी, मनोज गिरि, चंदन पुरी, अर्जुन गिरि, रवि प्रकाश गिरि, भीम बन, यशवंत गिरि आदि पदाधिकारियों ने शोक जताया है।



### अनदेखी : लाखों का बजट, पर धरातल पर स्थिति जर्जर


# बदहाली में आंसू बहा रहा उन्मुक्त खेल मैदान लाखों खर्च फिर भी खिलाड़ियों को सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

नगर का एक महत्वपूर्ण उनमुक्त खेल मैदान अपनी समस्याओं को लेकर ग्रसित है। यहां के छोटे बच्चों के लिए सुबह शाम खेलने का मैदान वॉलीबॉल ग्राउंड और सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए एक मात्र उन्मुक्त खेल मैदान है जिसमें विभिन्न समस्याएं हैं जिसको लेकर खिलाड़ी लगातार जन प्रतिनिधियों से मांग कर रहे हैं किंतु अब तक उसमें कोई सुधार नहीं हुआ है और जब खेल ही मैदान नहीं होगा तो यहां के प्रतिभाएं कैसे निकलेगी?

लगभग ग्राम पंचायत के कार्यकाल में आरईएस द्वारा उन्मुक्त खेल मैदान निर्माण 20 लाख रुपए की स्वीकृति हुई थी जिस ठेकेदार के द्वारा किया गया था उसके बाद नगर पंचायत होने को पश्चात 2015-14 में लगभग 16. 37 लाख के मैदान में अन्य कार्य किया गया और 24- 25 में लगभग 5.68लाख रुपया के लागत से पाथ वे का कार्य किया गया है इसके अलावा चारों ओर ओपन जिम भी लगा हुआ है किंतु मैदान की स्थिति अत्यंत जर्जर है यहां लगातार खिलाड़ी एवं बच्चे महिलाएं उपस्थित रहती है किंतु उन्हें किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल रही है मैदान को और अधिक सुधार एवं साफ सफाई की आवश्यकता है। इस संबंध में खिलाड़ी एवं कोच शीतल ध्रुव ने कहा कि लगातार मांग की जा रही है कि स्टेडियम में शौचालय ,प्रसाधन की व्यवस्था हो ताकि खिलाड़ियों को अन्यत्र भटकना न पड़े साथ ही साथ कुछ लाइट वगैरा की व्यवस्था हो ताकि यह असामाजिक तत्वों का अड्डा ना बन सके। इसी तरह वॉलीबॉल के खिलाड़ी देव सिंह रात्रे ने कहा कि खेल मैदान को पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए और इन्हें किसी भी आयोजन के लिए नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि देखा गया है की शादी आदि के आयोजन के लिए देने के पक्ष साफ सफाई नहीं की जाति और गंदगी रहती है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है।



#### खिलाड़ियों की प्रमुख मांग और सुझाव

इसी तरह नगर पंचायत के सभापति और खिलाड़ी भोले शंकर जायसवाल ने कहा कि लगातार स्टेडियम को बेहतर बनाने के लिए मांग की जा रही है साथ ही साथ वॉलीबॉल ग्राउंड में जाली लगाकर चारों तरफ जाली और लाइट की व्यवस्था की मांग की जा रही है एवं क्रिकेट के जो मैदान को रेत आदि हटाकर दरवाजा को बंद किए जाने की आवश्यकता है तब जाकर मैदान में घास आएगा और खिलाड़ियों को सुविधा होगी। इस संबंध में नगर पंचायत के अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने बताया कि वॉलीबॉल ग्राउंड एवं क्रिकेट ग्राउंड के लिए लगातार खिलाड़ियों से चर्चा की जा रही है और उसे बेहतर बनाने के लिए स्थानीय विधायक से भी मांग की जा रही है इसके अलावा शौचालय का एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है और शौचालय और पानी आदि की व्यवस्था की जाएगी एवं जल्दी सभी खिलाड़ियों की बैठक रखकर स्टेडियम की अन्य आवश्यकताओं पर चर्चा की जाएगी।



### तमोरा में विश्व प्लंबर दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन, लोगों को किया गया जागरूक

**खल्लारी।** जल उत्सव पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर विकासखंड बागबाहरा के ग्राम तमोरा में विश्व प्लंबर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना तथा जल प्रबंधन में प्लंबरों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच सेवाराम साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष पीलाराम साहू, सक्रिय महिला हेम बाई ध्रुव, उपसरपंच भागीरथी साहू सहित महिला समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत पंप ऑपरेटर राजेंद्र यादव को उनके सराहनीय कार्यों के लिए विभाग की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा सभी ने मिलकर जल बचाने का संकल्प लिया। साथ ही पाइपलाइन में होने वाले जल रिसाव को रोकने के लिए लीकेज मरम्मत का डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिससे ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी गई।



### केंवट समाज ने लिया प्रतिभा प्रोत्साहन का संकल्प

**खल्लारी।** निषाद केंवट समाज की एक महत्वपूर्ण महासभा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के शिक्षा, संगठन और प्रतिभा प्रोत्साहन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से 3.0 छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय निषाद केवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा–2026 के संबंध में विस्तार से जानकारी नंदकुमार निषाद एवं जानकी निषाद द्वारा दी गई। समाज के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाशाली बेटी मोनिता निषाद को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु 15,000 की सहयोग राशि प्रदान की गई। यह राशि समाज के विभिन्न स्तरों की समितियों द्वारा संयुक्त रूप से दी गई, जिसमें क्षेत्र समिति 5,000, ब्लॉक समिति 5,000, जिला समिति 5,000, जिसमें कुल 15,000 नगद सहयोग राशि सामाजिक नागरिकों के कर-कमलों से बिटिया मोनिता निषाद के दादा को प्रदान की गई। इस अवसर पर जानकी निषाद (पूर्व प्रदेश सचिव, छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज) तथा नंदकुमार निषाद (प्रदेश संगठन सचिव) का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पीएमश्री सेजेस तुमगांव के शिक्षकों का दौरा

**महासमुंद।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले स्थित पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सेजेस) तुमगांव के भौतिकी, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय के विशेषज्ञ शिक्षकों ने विद्यालय के आधुनिक सुविधाओं से युक्त विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालय का दौरा किया। इस दौरे में पीएमश्री सेजेस तुमगांव की शिक्षिका ज्योति सिंह, अंकिता ठाकरे, सविता ध्रुव, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा तथा शिक्षक सुरेश यादव, देवेश कुमार और सजल चंद्राकर ने भाग लिया। इन शिक्षकों का स्वागत एवं मार्गदर्शन पीएम केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कंसल ने किया। दौरे के दौरान शिक्षकों ने विद्यालय की उन्नत भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया, जहां आधुनिक उपकरणों, सुरक्षा मानकों तथा प्रयोगात्मक शिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था देखी गई। साथ ही, विद्यालय के समृद्ध पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया, जिसमें छात्रों के लिए विविध विषयों की पुस्तकें, पत्रिकाएं एवं डिजिटल संसाधन उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेन्द्र अगलावे ने कहा कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत ऐसे आदान-प्रदान कार्यक्रम शिक्षकों के बीच सर्वोत्तम अभ्यासों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) को साझा करने में सहायक होते हैं। इससे दोनों विद्यालयों के शिक्षण स्तर में और सुधार संभव होगा तथा छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

## विस घेराव के लिए रहें तैयार, अमरजीत ने दिए बूथ कमेटियों के गठन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरुवार को कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। बैठक में गरियाबंद जिला प्रभारी, पूर्व संगठन मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस संगठन के महामंत्री अमरजीत चावला शामिल हुए। उनकी मौजूदगी में ब्लॉक, पंचायत, वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटियों के गठन को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए अमरजीत चावला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर तक संगठनात्मक ढांचा जल्द से जल्द पूर्ण करना है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी, जबकि ब्लॉक अध्यक्ष मंडल स्तर पर प्रभारी तय करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ कमेटियों का गठन उसी बूथ पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बैठक कर सर्वसम्मति से किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार प्रदेश में कमल के साथ अफीम के फूल भी खिला रही है। सरकार जनसरोकारों को छोड़कर नशे की खेती को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।



**बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर-** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जिले में ब्लॉक कमेटियों का गठन तो हो चुका है, लेकिन कई स्थानों पर बूथ कमेटियों का गठन अभी बाकी है। इसी को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नेताओं को जिलों का प्रभारी बनाकर दौरा करने और जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठक लेने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संगठनात्मक प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके।

**विधानसभा घेराव की रूपरेखा पर चर्चा-** बैठक में 17 मार्च को होने वाले विधानसभा घेराव को लेकर भी रणनीति बनाई गई। जिला संगठन को अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रभारी अमरजीत चावला ने पंचायत और बूथ कमेटियों के गठन में महिलाओं को प्राथमिकता देने, उनका सम्मान बढ़ाने और आरक्षण नियमों का विशेष ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि संगठन को वार्ड स्तर तक मजबूत बनाना जरूरी है और आपसी भाईचारे के साथ कांग्रेस को आगे बढ़ाना होगा। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष और बड़े संख्या में जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों, गरीबों और आम जनता के हित में काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यों को जनता तक पहुंचाना होगा तथा पंचायत, ग्राम और बूथ स्तर तक अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना होगा।

### होला मोहल्ला की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**महासमुंद।** बसना विकासखंड अंतर्गत गढ़फुलझर नानक सागर में आगामी 15 मार्च को होला मोहल्ला का आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह आज नानकसागर पहुंचे। यहां 15 मार्च को गुरुनानक देव के ऐतिहासिक स्थल नानक सागर में होला मोहल्ला का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में भव्य गुरुद्वारा अस्पताल एवं यात्री निवास हेतु भूमिपूजन व अरदास भी किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां देश विदेश से सिख कमेटियों एवं अन्य प्रमुख दलों को आमंत्रित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में कमेटियों एवं प्रमुखजन आएंगे। कलेक्टर ने की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया एवं सुरक्षा, बेरिकेडिंग, साफ सफाई, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा सहित समिति के सदस्य रोमी सलूजा मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता के घर शादी में शामिल हुए अनेक कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खल्लारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के पूर्व उपाध्यक्ष



एवं तुसदा मंडल के पूर्व अध्यक्ष परस सोनवानी के सुपुत्र लोकेश के विवाह समारोह में अनेक कांग्रेसजन ग्राम डूमरडीह में शामिल होकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी विष्णु महानंद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष गण रवि निषाद, अंकित बागबाहरा, पूर्व जनपद अध्यक्ष बसंता ठाकुर, नगरपालिका बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि सेतराम बघेल, जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव राजेश सोनी, पूर्व सेक्टर प्रभारी गण मोहन कुलदीप, आशाराम मोगरे, दामेश्वर विश्वकर्मा, नंदकुमार निषाद, सरपंच प्रतिनिधि गण हितेश साहू, हीरादास टंडन, अमरूद यादव आदि काफ़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सबका साथ-सबका विकास करने वाली पुस्तकें ही बांटे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विकसित भारत-विकसित संसार, सुखी समृद्ध व्यक्ति-सुखी समृद्ध परिवार के सोच को चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल महासमुंद अपना आधार भूत लक्ष्य मानती है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और निपुण भारत मिशन व मध्यस्थ दर्शन आधारित जीवन विद्या अध्ययन आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा के अंतर्गत मानवीय शिक्षा नीति को अक्षरशः कोकड़ी सरकारी स्कूल फॉलोअप करती है। इसी के तहत समग्र शिक्षा विभाग से जिले के सभी प्राथमिक विद्यालय के पुस्तकालयों को एफएलएन अंतर्गत मिली पुस्तकों के संबंध में चर्चा करने पर प्रधान अध्यापक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि अधिकांश पुस्तकें अकाल्पनिक हैं, ऐसे पुस्तकों को पढ़कर बच्चों का बौद्धिक विकास नहीं होगा, बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास नहीं होगा, बच्चों के भीतर तार्किक, प्रायोगिक और व्यवहारिक सोच-विचार उत्पन्न नहीं होगा,न ही बच्चों में सहयोग प्रवृत्ति और बड़ों का आज्ञापालन, स्वयं में विश्वास, प्रतिभा और व्यक्तित्व में संतुलन, व्यवहार में सामाजिकता,और व्यवसाय में स्वावलंबन का भाव भी विकास नहीं होगा,न ही बच्चों में सही संबोधन का विकास होगा न ही बच्चों में कुछ अच्छा बनने के भावों का विकास होगा।




कोकड़िया ने बताया कि पूरे संसार के चींटी से लेकर हाथी तक, मजदूर से लेकर राष्ट्रपति तक का पेट भरने वाले अन्न दाताओं, धरती के भगवानों, किसानों को लालची कहा गया है। जबकि भारतीय जीवन शैली और भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार किसान ही हैं,जो तन मन धन से देश का, प्रकृति का,हवा का, मिट्टी का, पानी का, पेड़ पौधों का, पशु-पक्षियों का,और हर मानव का सेवा करते हैं।

### कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों ने सीखा कठपुतली बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में शिक्षकों के लिए आयोजित कठपुतली निर्माण कार्यशाला उत्साह और रचनात्मक माहौल में सफलतापूर्वक हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कला-आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ते हुए कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी और सहभागितापूर्ण बनाना था, ताकि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाया जा सके। कार्यशाला के दौरान जिला स्तरीय डीआरजी टीम के सदस्य बलराम नेताम, केआर सोनवानी एवं नीलकंठ यादव द्वारा कठपुतली निर्माण की विभिन्न विधियों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षार्थियों को स्थानीय एवं सरल सामग्रियों की सहायता से कठपुतली बनाने के तरीके सिखाए गए तथा यह बताया गया कि कठपुतली के माध्यम से भाषा, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को कहानी और संवाद के रूप में बच्चों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है।

पेज 9 के शेष...

### बैं में जमा...

नियमानुसार पीएनबी बैंक मैनपुर वाले कहते हैं कि आधार लिंक और केवाईसी करवाना पड़ेगा लेकिन इनका तो आधार कार्ड ही नहीं बन पाया। आधार कार्ड बनवाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम पंचायत, विकासखंड मुख्यालय मैनपुर से लेकर जिला मुख्यालय गरियाबंद तक गया लेकिन दुर्भाग्य कहा जाये कि 100 प्रतिशत दृष्टि बाधित होने के कारण रिजेक्ट हो गया और उनका आधार कार्ड नहीं बन पाया जिसके कारण उन्हे पेंशन मिलना बंद हो गया है।

**पेंशन राशि नहीं मिल रही-** दृष्टिबाधित जयराम मंडावी ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से निवेदन है कि मुझे पेंशन राशि दिलाई जाए मेरा पेंशन राशि बैंक में जमा हो रहा है लेकिन नहीं मिल पा रहा है।

**प्रयास करेंगे-** इस संबंध में पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा ने बताया कि पहले आंख का ऑप्शन आधार कार्ड बनाने के लिए अनिवार्य किया गया था। लेकिन वर्तमान में अंगूठा का ऑप्शन भी दिया गया है। बशर्ते उसके पास रीजनल परिचय पत्र का होना जरूरी है। मैनपुर के चॉइस सेंटर में इनका आधार कार्ड बने और बहुत जल्द पेंशन की राशि मिले इस दिशा में सार्थक प्रयास किया जाएगा।

### घरेलू गैस का...

2 खाली गैस सिलेण्डर, अमन फैमिलि रेस्टोरेंट से 3 भरे गैस सिलेण्डर एवं होटल हार्मोनी एण्ड जायका रेस्टोरेंट से 3 भरे गैस सिलेण्डर और 2 खाली गैस सिलेण्डर जब्त किए गए है। वहीं दूसरी ओर तहसील मुख्यालय मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र मे भी आज गैस सिलेंडर मामले को लेकर छापामार कार्यवाही की खबर लगते ही हड़कंप मचा रहा पिछले दो दिनों से क्षेत्र में गैस सिलेंडर को लेकर हाय तौबा मची हुई है लोग ज्यादा से ज्यादा सिलेंडर संग्रहित करने लगे हुए है और मध्य पूर्व एशिया मे उत्पन्न युद्ध की स्थिति को देखते हुए पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति मे कमी की आशंका को लेकर एक दिन पूर्व ही जिला प्रशासन द्वारा आवश्यत दिशा निर्देश जारी किया गया है अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के ऊपर कड़ी कार्यवाही की बात कही गई है।

### नहरों में आया...

रहा है वह तेजी से सूखने लगेगी और भीषण गर्मी में जलस्त्रोत भी तेजी से सूख जायेगी। तालाबों में पानी भराई को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव सहित पार्षदगण जुटे हुए हैं।

### चार माह से...

गहरा आक्रोश और मानसिक तनाव देखने को मिल रहा है। लगातार दफ्तरों के चक्कर काटने और बैंक में पेंशन नहीं आने की जानकारी मिलने से लाभुक परेशान हैं, अब भारी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। कई बुजुर्ग ऐसे हैं जिनके घर में कमाने वाला कोई नहीं है, और पेंशन ही उनका एकमात्र जरिया है। सभी पेंशनधारियों ने जल्द से जल्द आवंटन जारी किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके और जीवन यापन में सुविधा हो।

### कलेक्टर ने मरीजों...

स्टोर, चिकित्सीय कक्ष, एक्स-रे कक्ष, टीकाकरण कक्ष, इंजेक्शन कक्ष, जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष, एनबीएसयु कक्ष, क्षय उन्मुलन कक्ष आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में आएं मरीजों का हालचाल जाना तथा अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, सहित विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री उईके ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिए पर्याप्त बिस्तरों की भी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में उपलब्ध जगहों का भी अवलोकन किया।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपब्ध कराएं-** कलेक्टर ने दवाई स्टोर रूम में दवाई और उसकी एक्सपायरी डेट का अवलोकन करते हुए सभी चीजों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित स्टाफ से ड्यूटी चार्ट की जानकारी ली। उन्होंने परिसर व अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश मौके पर मौजूद चिकित्सकों को दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी और आईपीडी कक्षों का भी अवलोकन किया और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री उईके ने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा लगातार बेहतर करने के निर्देश दिए। इस मौके पर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव, डॉ. केडी जोगी, डॉ. निशा ठाकुर, गणेश सोनी, किशनलाल दीवान, हितेश नागेश, कलीराम एवं बड़ी संख्या मे स्थानीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### प्लेन और मशाला शराब बरामद

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक आरोपी के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बम्हनी में एक व्यक्ति अपने घर के बाजू जलाऊ लकड़ी के पास देशी प्लेन और देशी मशाला शराब बिक्री करने के लिए रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी गैंदराम सोनवानी पिता स्व राजकुमार सोनवानी (33 साल) निवासी वार्ड नं0 11 ग्राम बम्हनी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 18 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1440 रुपये एवं 42 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 4200 रुपए कुल कीमत 5640 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है।

### पुराने लेनदेन को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुराने लेनदेन के लेकर हुए विवाद में बसना थाने में दो आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। बसना के वार्ड नंबर निवासी हिमांशु अग्रवाल और उसके पिता संतोष कुमार अग्रवाल के साथ 10 मार्च की सुबह उसके पड़ोस में रहने वाले पंकज अग्रवाल और उसकी पत्नी सरिता अग्रवाल ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की दादी लक्ष्मीबाई अग्रवाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

**विडंबना :** आजादी के 77 साल बाद मिली सड़क की सौगात लेटलतीफी की चढ़ी भेंट

# जांगड़ा सड़क का निर्माण कार्य बंद ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के दुरस्थ वनांचल के ग्रामों में शासकीय निर्माण कार्यों को देखने वाला कोई नहीं है जिसके कारण मनमर्जी निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। मॉनिटरिंग के अभाव में निर्माण एजेंसी मनमाफिक कार्य कर रहे है। उन्हे ग्रामीणों की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। ऐसा ही मामला मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम जांगड़ा सड़क निर्माण कार्य में देखने को मिल रहा है। जहां ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के बाद दो दिन में ही बंद कर दिया गया है जिसके कारण-समय सीमा के भीतर यह सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया ग्रामीण लगातार सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मांग कर थक चुके है लेकिन ग्रामीणो के इस गंभीर समस्या के समाधान की तरफ ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके कारण ग्रामीणो ने अब सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मांग को लेकर सड़क मे पहुंचकर अपने आवाज बुलंद करने और आंदोलन करने की चेतावनी दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्यमार्ग डुमरपड़ाव से जांगड़ा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण के लिए दिसम्बर 2024 मे कार्य प्रारंभ किया गया और इस निर्माण कार्य को दिसम्बर 2025 मे पूर्ण कर लेना था लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य मे लापरवाही के कारण आज तक निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाया इस सड़क मे एक माह पहले निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था लेकिन फिर अचानक निर्माण कार्य बंद कर दिया गया जिसके कारण इस आधे अधुरे सड़क मे ग्रामीणो को आने जाने मे भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।





### जल्द निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के कार्यपालन अभियंता अभिशेक पाटकर ने बताया की होली पर्व के समय मजदूर और कार्य करने वालो की कमी के कारण सड़क निर्माण कार्य रूक गया जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### 77 वर्ष बाद हुआ था सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत

क्षेत्र के ग्रामीणो ने बताया इस सड़क निर्माण की मांग आजादी के बाद से ग्रामीण कर रहे थे और आजादी के 77 वर्षो बाद सड़क निर्माण की स्वीकृति भाजपा के विष्णुदेव सरकार में मिली तो ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा था। अब ग्रामीणों को पक्की सड़क नसीब होगी लेकिन संबंधित विभाग एवं ठेकेदार के मानमाने रवैये के कारण सड़क निर्माण कार्य एक साल के भीतर दो बार प्रारंभ कर बंद कर दिया गया सड़क निर्माण कार्य कब पूरा होगा सही जानकारी देने वाला कोई नहीं है।

### मिट्टी डालकर कार्य को अधूरा छोड़ा

सरपंच अरविंद नेताम, उपसरंपच भानू सिन्हा, जगबन्धु नेताम, टीकम नागवंशी, महनसिंग ठाकुर, फडिन्द्र ठाकुर, बृजलाल नागवंशी, जयराम नागवंशी, माधव सिन्हा, दल्लुराम यादव, मानसिंग यादव, रूपसिंह वि"वकर्मा, दौलत नागेश, हेमंत नेताम, रामभरोसा नेताम, अमर सिन्हा, केसर सिन्हा सहित ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नेशनल हाईवे 130 सी डूमर पड़ाव से जागड़ा तक 4.70 किमी सड़क निर्माण के लिए कुल लागत 237.70 लाख से जनवरी में कार्य प्रारंभ किया गया था और इस कार्य को 29 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना है। ग्रामीणों ने बताया सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगो में भारी खुशी देखने को मिल रही थी लेकिन ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य महज एक माह किया गया सड़क में मिट्टी डालकर कार्य को अधूरा छोड़ दिया जिसके कारण बीते बारिश के दिनो में सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है और कही-कही पर तो मिट्टी सड़क बह जाने से बारिश के इन दिनो में आना जाना मु"कल हो गया है ग्रामीण और स्कूली छात्र दुघर्टना के शिकार हो रहे है कई बार सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं जिले के संबंधित विभाग के अफसरो को मांग किया जा चूका है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया सड़क निर्माण कार्य को दूसरी बार एक बार फिर एक माह पूर्व प्रारंभ किया गया था लेकिन होली से पहले निर्माण कार्य बंद कर दिया गया ग्रामीणों ने बताया की इस सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। ग्रामीणो ने कहा यदि सड़क निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ नहीं किया गया तो ग्रामीण अब आंदोलन करने बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बिनौरी स्कूल के 8वीं के छात्रों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बिनौरी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण में गुरुवार को एक भावनात्मक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां कक्षा 6 और 7 के जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर, कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए एक स्मरणीय विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम स्कूली शिक्षा के साथ-साथ संवेदनशीलता, सहयोग और आपसी सम्मान के भावों को प्रबल रूप से उजागर करता नजर आया।

समारोह की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत से हुई। कक्षा 6 और 7 के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने अपनी मधुर आवाज़ों में गीत प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने सीनियर्स के प्रति आदर, शुभकामनाएं और उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, जिसमें नृत्य, कविता पाठ और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से स्कूल के दिनों की यादों को ताजा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिनौरी, प्रभारी प्रधान पाठक शैलेन्द्र शाकार ,प्राचार्य के आर नेताम ,कमलेश साहू, सियाराम साहू, श्रीमती रेखा बाजपेई , प्राथमिक प्रधान पाठक राम अवतार यादव ,माखन साहू , शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष सेवक राम साहू, पूर्व सरपंच गीता साहू, सीतल साहू, छात्र-छात्राएं नूतन गोपाल ओमकार, गोपेश सूरज, केवल साहू, सौरभ, यशोमती मुस्कान, काजल हेमलता, गोपेश्वरी, पायल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा की यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि हमारे विद्यार्थी न केवल पढ़ाई में, बल्कि ऐसे सामाजिक एवं संवेदनशील कार्यक्रमों के माध्यम से भी एक-दूसरे के साथ जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। यह समारोह विद्यालय की एक परिवार की भावना को मजबूत करता है।

### अमरसिंग को विधायक साहू ने दी श्रद्धांजलि

**छुईहा बेलर।** कृषक समाज के लिए अपूरणीय क्षति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा की अमरसिंग साहू का पूरा जीवन किसानों की सेवा और समाज हित के लिए समर्पित था। वे सरल स्वभाव और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि क्षेत्र के पूरे कृषक समाज के लिए एक ऐसी क्षति है जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। इस दुखद अवसर पर विधायक के साथ क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे चंद्रशेखर साहू (जिला महामंत्री, भाजपा), खोमन साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू संघ), सालिक साहू (अध्यक्ष, हाई स्कूल बेलर), रामाधार साहू (मंत्री, भाजपा किसान मोर्चा) कोमल ढिढी (अध्यक्ष, सहकारी समिति जामगांव) हरिशंकर साहू (उपसरपंच), लेखराम रात्रे (सरपंच प्रतिनिधि) एवं अन्य गणमान्य नागरिक।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## शोक संदेश

कर्म पथ पर चलने वाले, अमर हो जाते हैं, सेवा और सद्भाव से जीवन जगमगाते हैं।
जो जनहित में दीप जलाते जीवन भर, वे कभी नहीं मरते, स्मृतियों में बस जाते हैं।



जन्म 05/09/1943

निर्वाण 07/03/2026

### स्व. श्री अमरसिंग साहू

अत्यंत दुःख एवं शोक के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री अमरसिंग साहू (अध्यक्ष, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति, बेलर) का दिनांक 07/03/2026, शनिवार को स्वर्गवास हो गया। कृषक समाज के हितैषी, सरल स्वभाव एवं सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी उनका जीवन परिवार एवं समाज के लिए अनुकरणीय रहा। उनकी स्मृति को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए, दशगात्र कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित किया गया है। सादर सुचनार्थ ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। पधारकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर हमें कृतार्थ करें।

**कार्यक्रम**
दशगात्र : 13/03/2026, शुक्रवार, तालाब कार्यक्रम: दोपहर 12:00 बजे
टीप - श्रद्धांजलि भजन कीर्तन संतोष साहू प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक

**शोकाकुल परिवार**
छविराम, जयप्रकाश, सोनराज, प्रीतकुमार, शिवम, चुम्मन, खुश्बु,
नम्रता, राहुल, रौनक, रोहन, महिमा, कविता, दुवान, रोशिका, काव्या, विष्णु, चिंता,
परमेश्वर, अनिल, तिलक, अवध, बलराम, शेखर, एखन, जीवराखन, राकेश,
पूरन, हूलस, खेलन मोबाइल नंबर - 9131623224

**शोकाकुल मित्र एंव सहकारी स्टाप**
नीलकंठ साहू समिति प्रबंधक , रेवती रमण साहू, पुनारद साहू,
युवराज, समस्त हेमाल सदस्य, समिति अध्यक्ष चरौदा इतवारी सिन्हा,
जनक श्रीवास परसदाकला, बंसी लाल, अश्विन विश्वकर्मा,
छन्नु साहू, कोमल ढीढी जामगांव लचकेरा, ईश्वर साहू भसेरा

**विनीत**
नारायण साहू-श्रीमती दुलारी (पुत्र-बहू)
यदुनंदन साहू-श्रीमती बिंदया (पुत्र-बहू)
हरिशंकर साहू (उपसरपंच, ग्राम पंचायत बेलर)
श्रीमती हिनेश्वरी (पौत्रवधू), संजय (पौत्र) ग्राम - बेलर (फिंगेश्वर)

नोट : जिस किसी को निमंत्रण नहीं मिला है, इसे सूचना समझ स्वीकार करते अवश्य पधारें

## खबर संक्षेप

### मोहित द्विवेदी भाजपा सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त



**मैनपुर।** मैनपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता मोहित द्विवेदी को भारतीय जनता पार्टी सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कण्डे द्वारा जिला गरियाबंद अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की अनुशंसा पर यह नियुक्ति किया गया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर मोहित द्विवेदी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की पार्टी द्वारा जो उन्हे जिम्मेदारी दी गई है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### कफ सिरप की तस्करी एक गिरफ्तार

**सरायपाली।** कफ सिरप का अवैध परिवहन कर रहे एक बाइक सवार को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा नशीली दवाओं के अवैध तस्करी पर नियंत्रण व प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी बीच सूचना मिली कि बाइक क्रमांक ओआर 15 एम 1143 में अवैध कप सिरप लाया जा रहा है। पुलिस ने रेहटीखोल पहुंच कर उक्त बाइक को रोका। पूछताछ में वाहन चालक नेअपना नाम मोहम्मद रियाज पिता मोहम्मद ताज (46 साल) मोतीझरन थाना धनुपाली जिला संबलपुर हाल निवास वार्ड नंबर 15 माता दरबार फोगुलाल सोनवानी के मकान बसना होना बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 27 नग कफ सिरप कीमत 5492.88 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सिवनीकला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं धर्मप्रेमी परिवार सिवनीकला के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गौशाला मैदान भागवत कथा स्थल में 13 मार्च शुक्रवार को रखा गया है। विशेषज्ञ विभिन्न रोगों का इलाज कर उचित परामर्श देंगे। लंदन से प्रशिक्षित डॉक्टर्स भी शिविर में सेवाएं देंगे। शिविर में ऑडियोमेट्री (सुनने की क्षमता जांचने वाला टेस्ट) निःशुल्क किया जायेगा।

**बैठक :** सभी विभागों की गई विस्तृत समीक्षा, पीएम आवास योजना की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

# पीएम आवास निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत सभाकक्ष में गुरूवार को गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर ने विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्योंर् की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत चल रहे पीएम आवास योजना के कार्योंर् की समीक्षा के दौरान पीएम आवास योजना की कम प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए समय–सीमा पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास एवं निर्माण कार्योंर् पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर ने जमकर फटकार लगाते हुए कहा पूरी पारदर्शिता के साथ प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य पूरे गुणवत्ता और समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। पंचायत सचिव प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में जाकर हितग्राहियों के आवास निर्माण के कार्योंर् को शीघ्रता के साथ पूर्ण कराएं। जिन सचिवों द्वारा ग्राम पंचायत जाने में लापरवाही बरतते है ऐसे सचिवों को प्रतिदिन उनके द्वारा किए गए कार्यो के लोकेशन के साथ-साथ स्वयं का पंचायत में जाने का फोटोग्राफ जिला कार्यालय में भेजने के सख्त निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यो प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं प्रारंभ-अप्रारंभ निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक एसडीएम रामसिंह सोरी, जनपद सीईओ डी एस नागवंशी, तहसीलदार रमेश मेहता, मनरेंगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुव, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी सहित तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



#### गंभीरतापूर्वक कार्य करें

कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस संबध में शिकायत पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई लापरवाही न बरते। बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की भी जानकारी ली। साथ ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### कही भी पेयजल के लिए समस्या न हो

बैठक में मैनपुर ब्लॉक के किसानों को दलहन-तिलहन-मक्का सहित धान के स्थान पर अन्य फसलें लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। मैनपुर ब्लॉक में कही भी पेयजल के लिए समस्या नहीं होनी चाहिए इसके लिए लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के अधिकारी अभी से ही गांव में जाकर वस्तुस्थिति से अवगत हो। जिन गांवों में समस्या हो ऐसे गांवों का चिन्हांकन कर सीईओ एवं एसडीएम को अवगत कराएं। जहां समस्या होने हो वहां वैकल्पिक व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल, आंगनबाड़ी तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता, बाउंड्रीवाल, शौचालय, रोशनी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से बनाएं। यदि किसी गांव में नए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत करते है तो स्कूल परिसर या गांव के बीच अथवा गांव के समीप ही बनाएं। इस दौरान विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भागवत कथा का आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

श्रीमद् देवी भागवत कथा (झरझरा माता) के सप्तदिवसीय आयोजन के लिए राष्ट्रीय कथावाचक पंडित युवराज पांडे की कथा का आमंत्रण पत्र प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भेंट कर उन्हें सादर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू अभिषेक चतुर्वेदी, मदन निषाद, दीपक साहू एवं सुरेंद्र साहू उपस्थिति रही मंत्री ओपी चौधरी ने समय निकालकर आने की बात कही है।

### वन संपदा में महिलाओं की 80% भागीदारी

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर के गोंडवाना भवन में गुरूवार को वन क्षेत्र के आदिवासी समुदाय से महिलाओं ने महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश के धार जिले से श्रद्धा कश्यप, जिला सदस्य लोकेश्वरी नेताम संस्था की मुख्य कार्यकर्ता उमा ध्रुव, बरखा गोस्वामी, लोकेश्वरी ठाकुर ने अपने वक्तव्य से मुख्य रूप से कहा कि सरकार की योजनाए महिला हक एवं अधिकार को मजबूत करने की प्रक्रिया में बनाई जाएगी और योजना का सही लाभ मिलेगा सभी महिला सशक्तिकरण बढ़ाने की संभावना है इस क्षेत्र के आजीविका वन उपज पर टिका है जिसमें महिलाओं का श्रम पुरुष के अपेक्षा में 70-80 प्रतिशत भागीदारी होती है लेकिन सामुदायिक वन संसाधन के निर्णय प्रक्रिया में भूमिका कम दिखाई देता है क्योंकि पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को हक एवं अधिकार पर बराबर की भागीदारी को प्रदर्शित नहीं कर पाए यही इसका मुख्य कारण है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधाबाई नेम, चैती बाई नायक, सरपंच सुभद्राबाई नेताम, सरपंच कचराबाई, दीदी अंजनी बाई, हीरोइन बाई, राम भाई, द्वारेन भाई, त्रिपुरा, दुखिया बाई, प्रेमशिला, योगेश्वरी नेताम, जिला सदस्य श्रद्धा, राज भाई, प्रमिला बाई, अनीता बाई एवं बड़ी संख्या मे महिलाएं शामिल हुए।



## भाजपा सरकार के संरक्षण में अफीम की खेती हो रही : गेंदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि दुर्ग के समोदा में अफीम की खेती के खुलासे के बाद बलरामपुर के कुसुमी थानांतर्गत त्रिपुरी गांव में अफीम की खेती के खुलासे से साबित हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भाजपा पूरे छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाना चाहती है। बिना सरकार के तथा सत्ता में बैठे हुए लोगों के संरक्षण के खुलेआम अफीम की खेती नहीं हो सकती और न ही गली, कूचों में गांजा, शराब, सूखे नशे का कारोबार हो सकता है दुर्ग के तो भाजपा का प्रभावशाली नेता की संलिप्तता था, प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी भाजपाई संरक्षण में ही नशे की खेती हो रही है अभी तो सिर्फ दो जगह का खुलासा हुआ है, पूरे प्रदेश में सरकार अफीम, गांजा, भांग की खेती करवा रही है। कांग्रेस महामंत्री श्री यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार को संरक्षण, भाजपा की सरकार में मिल रहा है। दुर्ग जिले के समोदा में जिस भूमि पर भाजपा नेता अफीम की खेती कर रहा था, भाजपा की सरकार ने डिजिटल गिरदावली रिपोर्ट में उस जमीन पर मक्का और गेहूं की खेती बताया है, इसका मतलब साफ है कि सत्ता के संरक्षण में ही यह सब कुछ हो रहा है। नशीली दवाएं, प्रतिबंधित गोलियां, अवैध सूखा नशा गली मोहल्ले में निर्बाध बिक रही है, नाबालिक बच्चों तक पहुंचाई जा रही है पिछले 13 महीना के दौरान सैकड़ो प्रकरण नारकोटिक्स के दर्ज हुए जो ज्यादातर सोशल मीडिया के माध्यम से उजागर हुए हैं, सरकार का इंटेलिजेंस और प्रशासन मौन हैं कार्यवाही के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है। श्री यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा प्रदेश के 10 से 17 साल के अधिकांश नाबालिक बच्चे सूखे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, कई मौत हो चुकी है लेकिन यह सरकार सोई हुई है। महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि प्रदेश में अवैध नशे के तस्कर, कोचिंग और बिचौलियों को संरक्षण देते देते भाजपाई अब अफीम की खेती तक उतर आए हैं, कमल खिलाने का दावा करने वाले भाजपाई अफीम के पौधे उगाने लगे हैं।



### साहित्यकार राजेंद्र रत्नांचल के रत्न सम्मान से विभूषित

**राजिम।** रत्नांचल साहित्य एवं जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित एक गरिमामय विमोचन एवं सम्मान समारोह में साहित्यकार राजेंद्र मनु को रत्नांचल के रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के साहित्यकार, बुद्धिजीवी, समाजसेवी तथा बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी मौजूद थे। जितेंद्र सुकुमार साहिर ने राजेंद्र मनु को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह तथा पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जितेन्द्र सुकुमार ने कहा कि श्री मनु ने अपने लेखन के माध्यम से समाज में साहित्यिक चेतना को मजबूत किया है और नई पीढ़ी को साहित्य के प्रति प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। कवि प्रदीप कुंवरदादा ने राजेंद्र मनु के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदनाएं और सांस्कृतिक मूल्यों की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। वर्षों से वे साहित्य सृजन के साथ-साथ साहित्यिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद राजेंद्र मनु ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है और इससे उन्हें आगे भी साहित्य सृजन के लिए नई ऊर्जा मिलेगी।



## कचना धुरवा कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आगाज, विकास व पर्यटन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय, छुरा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी "सतत विकास एवं पर्यावरण-अनुकूल पर्यटनः आदिवासी एवं वन अंचलों की चुनौतियां और संभावनाएं के प्रथम दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से कुल 208 शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें कई प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से भी कार्यक्रम से जुड़े। आयोजन समिति को कुल 55 शोध सारांश एवं शोधपत्र प्राप्त हुए। संगोष्ठी के प्रथम दिवस में कुल चार शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर के बी दास, पूर्व कुलपति फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर (ओडिशा) ने कहा कि सतत विकास और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को सफल बनाने के लिए मनुष्य को पहले एक जिम्मेदार और अच्छा नागरिक बनना होगा। उन्होंने कहा कि जब समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और नैतिकता का विकास होगा, तभी प्रकृति के संरक्षण के साथ पर्यटन का संतुलित विकास संभव हो सकेगा। इस अवसर पर प्रोफेसर आरके ब्रह्मे, अर्थशास्त्र विभाग, पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर ने अपने व्याख्यान में छत्तीसगढ़, भारत और विश्व स्तर पर पर्यटन की स्थिति को विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पर्यटन विकास की योजना सबसे पहले गाँव स्तर, फिर जिला स्तर पर तैयार की जानी चाहिए। इस प्रकार की योजनाबद्ध प्रक्रिया से राज्य और देश में पर्यटन का समग्र और सतत विकास संभव हो सकेगा। संगोष्ठी के अंतिम सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थियों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए, जिनमें सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा ईको-टूरिज्म से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य सीएच पटेल ने सभी अतिथियों, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मार्च में ही तपने लगी धरती, गर्मी से राहत पाने गन्ना रस बना लोगों की पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





मार्च माह की शुरुआत के साथ ही जिले में दिन और रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों को प्यास और थकान अधिक महसूस होने लगी है। ऐसे में लोग खुद को तरोताजा रखने और डिहाइड्रेशन से बचने के लिए शीतल पेय की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। नगर में इन दिनों कई जगहों पर शीतल पेय की अस्थायी दुकानें सज गई हैं। बढ़ते तापमान के बीच सड़क किनारे गन्ना रस की दुकानें भी लोगों को राहत दे रही हैं। गर्मी में गन्ना रस लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। नगर के गांधी मैदान में बरगद के पेड़ के नीचे लगी अशोक सांकरे की गन्ना रस की दुकान इन दिनों खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां हर समय ताजा और अच्छी गुणवत्ता का गन्ना रस उपलब्ध होने के कारण लोगों की भीड़ लगी रहती है। दुकानदार अशोक सांकरे ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ गन्ना रस की मांग भी बढ़ गई है। दिनभर बड़ी संख्या में लोग गन्ना रस पीने के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि मात्र 10 रुपए में ताजा गन्ना रस आसानी से मिल रहा है, जिससे आम लोगों को भी राहत मिल रही है। गर्मी के मौसम में प्राकृतिक और ताजगी देने वाला गन्ना रस लोगों को ऊर्जा देने के साथ-साथ गर्मी से राहत भी पहुंचा रहा है, इसलिए नगर में इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है।

## सूर्यकांत का राष्ट्रीय स्क्वैश स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला




सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के छात्र (योग साइंस) सूर्यकांत यदु पिता गोवर्धन यदु का दूसरी बार राष्ट्रीय स्क्वैश प्रतियोगिता में चयन होने पर ठेठवार यादव समाज छुरा राज ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। महाविद्यालय के खेल अधिकारी शिवकुमार पांडे ने बताया कि छात्र सूर्यकांत यदु ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के आदेशानुसार विगत दिनों प्रगति महाविद्यालय रायपुर द्वारा अंतर महाविद्यालय स्क्वैश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र सूर्यकांत यदु ने विभिन्न महाविद्यालय के दुर्गा कालेज, विवेकानंद कालेज, साइंस कॉलेज, प्रगति महाविद्यालय रायपुर के खिलाड़ियों को लगातार पांच सेंट्स में पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। खिलाड़ी के इस उच्च स्तरीय प्रदर्शन के आधार पर छात्र के चयन मुंबई के सौम्या विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता स्क्वैश के लिए दूसरी बार हुआ। छात्र खेल के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में अग्रणी है। छात्र की इस उपलब्धि पर ठेठवार यादव समाज छुरा राज के संरक्षक डी आर यादव, तिलक राम यादव, प्रहालद यदु, राजेश यादव, शंकर यदु, प्रवीण यादव, धनीराम यादव, छुरा राज के अध्यक्ष चमन यादव, कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सचिव योगेश यादव, संजीव यदु अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सरिता यदु अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, देवेंद्र राज ठेठवार, भरतलाल राज महतो, प्रवक्ता देवनारायण यादव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**यात्रियों और छात्रों की बढ़ीं मुश्किलें**

# मार्च में पारा 35 डिग्री के पार, दोपहरी में लू जैसे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



चार माह लगातार ठंड के बाद मौसम ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। मार्च के माह में दोपहरी में तेज गर्मी पड़ने लगी है। हालांकि सुबह एवं शाम के समय में तापमान सामान्य बनी हुई है। होली के बाद से दोपहर में तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। परिणामस्वरूप दोपहर के समय लोग घरों से निकलने में परहेज करने लगे है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान था कि इस वर्ष अच्छी बारिश एवं जोरदार ठंड पड़ने की वजह से गर्मी भी अपना रौद्र रूप दिखलाएगी। शुरूआती गर्मी से पूर्वानुमान सच साबित हो रहा है। वर्तमान में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री से ऊपर पहुंच चुका है। चूंकि स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। लिहाजा छात्र-छात्राओं को परीक्षा एवं गर्मी एक साथ होने से परेशानी हो रही है। राजिम, नवापारा में गर्मी से राहत के लिए 25-30 स्थानों में गन्ना रस की दुकानें चालू हो चुकी है। बाजारों में शीतल पेय की बिक्री भी बढ़ गई है। शहरवासियों ने होली के पहले से ही कूलर, पंखों की सफाई करके चलाना शुरू कर लिया है। शहर के सभी एसी तकनीशियन भी घरों में जाकर मेंटनेंस के कार्यों में व्यस्त है। नगर में गर्मियों में यात्रियों को भी भारी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के सभी मुख्य बस स्टाफ में छायादार स्थान एवं प्रतीक्षालय की कमी भी महसूस की जा रही है। नवापारा शहर के मुख्य बस स्टैंड, सोमवारी बाजार, मैडम चौक, राजिम पुल के पास यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में यात्री तेज गर्मी में खड़े होकर बस का इंतजार करते खड़े रहने को मजबूर है। जिससे महिलाओं एवं छोटे बच्चों को ज्यादा तकलीफ हो रही है। चूंकि अभी पूरा गर्मी का सीजन बचा हुआ है। तब देखना यह होगा कि प्रशासन गर्मी से राहत के लिए आम लोगों के लिए और क्या कुछ सुविधाएं उपलब्ध करा पाती है?

### तहसील के सामने एक दिवसीय अनशन

**सरायपाली।** जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता गालिब हुसैन गुरुवार को तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय अमरण अनशन पर बैठ गए। गालिब हुसैन ने बताया कि राजस्व विभाग में लंबित राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी राजस्व मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने राजस्व विभाग में वर्षों से जमे कर्मचारियों के स्थानांतरण की मांग भी उठाई है, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। गालिब हुसैन ने विधानसभा क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर भी रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि भू-कारोबारियों द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

